पंजाब केसरी 01/03/2024

रोजगारपरकता और उद्यमशीलता विषय पर हुई संगोष्ठी

अम्बाला, 29 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आत्मनिर्भर भारत सैल और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को रोजगारपरकता और उद्यमशीलता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए प्रयासरत रहता है और निश्चित तौर पर इस पहल से विद्यार्थियों को जीवन पथ में आत्मनिर्भरता की दिशा में सहायता मिलेगी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डा. कपिल मदान ने उद्यमशीलता और रोजगार विषय पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया।

कार्यक्रम संयोजक प्रो. पिंकी गुप्ता ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमशीलता विकास विषय पर अंतर्दृष्टि प्रदान करना एवं नवाचार और व्यावसायिक कौशल की भावना को बढ़ावा देना है।

मंच संचालन जैस्मिता ने किया और धन्यवाद प्रस्ताव डा. राकेश ने प्रेषित किया। संगोष्ठी में वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. राममूर्ति, प्रो. अनुराधा, डा. सुमन, डा. सुरेंद्र कुंडू, जस्मिता, उदिता एवं गुरप्रीत आदि मौजूद रहे।

संगोष्ठी को संबोधित करते विशेषज्ञ। (चंद्रमोहन)